File No.T-74074/10/2019-WSE DTE

Hindustan- 05- October-2022

# नदियों के संरक्षण पर करीब 20 हजार करोड़ खर्च होंगे

उत्तर प्रदेश

**मनोज मिश्र**

**आगरा।** देश की 13 नदियों के संरक्षण पर 19,800 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे, लेकिन इस धनराशि से न तो नाले टैप होंगे और न ही नदियों की तलीझाड़ सफाई कराई जाएगी।

यमुना, सतलुज, व्यास, रावी, चिनाब, झेलम, लूनी, नर्मदा, ब्रह्मपुत्र, गोदावरी, महानदी, कृष्णा, कावेरी नदियों के लिए डीपीआर तैयार कराई गई है। इसके तहत केवल नदियों के किनारे पौधरोपण किया जाएगा। इसका खुलासा एक आरटीआई में पूछे गए जवाब से हुआ है।

13 नदियों को संरक्षित करने और उनके प्रदूषण को रोकने को प्रयास किए जा रहे हैं। इसके लिए भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद द्वारा डीपीआर बनाई गई है। इन नदियों के संरक्षण को लेकर पर्यावरणविद डॉ. देवाशीष भट्टाचार्य ने वन अनुसंधान संस्थान देहरादून में आरटीआई के तहत सवाल पूछे।